**श्री महेन्द्र कुमार, सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक– 14.01.2026 (बुधवार) को अपराह्न 03.30 बजे बुडको के साथ संपन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

---

<u>उपस्थिति</u>

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग।
3. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
4. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल निदेशालय।
5. श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा), खेल विभाग।
6. श्री अशोक कुमार, परियोजना निदेशक, बुडको।

<u>कार्यवाही</u>

सर्वप्रथम सचिव, खेल विभाग द्वारा उपस्थित सदस्यों से परिचय प्राप्त किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही शुरू की गई।

परियोजना निदेशक, बुडको द्वारा बताया गया कि फिजिकल एजुकेशन कॉलेज, राजेन्द्र नगर, पटना के परिसर में हॉकी टर्फ के निर्माण कार्य हेतु प्रशासनिक स्वीकृत की कुल राशि 844.03313 करोड़, पूर्व में आवंटित राशि 194.00 करोड़ एवं तत्काल व्यय हेतु स्वीकृति कुल राशि 250.00 करोड़ तथा अवशेष राशि 400.03313 करोड़ है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कार्य मार्च–2026 तक संपन्न होने का आश्वासन दिया गया।

सचिव द्वारा श्री अशोक कुमार, परियोजना निदेशक को कार्य प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन प्रत्येक बुधवार को अपराह्न 3:00 बजे तक समर्पित करने का निदेश दिया गया।

14.1.26

सचिव द्वारा यह भी निदेश दिया गया कि श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा)/श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा) एवं श्री सतीश कुमार, परामर्शी, बुडको कार्य स्थल का निरीक्षण कर पी0पी0टी0 के माध्यम से दिनांक 21.01.2026 (बुधवार) को अपराह्न 3:00 बजे की बैठक में प्रस्तुतिकरण करने का निदेश दिया गया।

अगली बैठक में प्रगति प्रतिवेदन के साथ दिनांक– 18.02.2026 अपराह्न– 3:30 बजे उपस्थित होने का निदेश दिया गया।

धन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

19/1/2026

(महेन्द्र कुमार)
सचिव।

ज्ञापांक–243 पटना, दिनांक 19/01/2026

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग/संयुक्त सचिव, खेल विभाग/सचिव के प्रधान आप्त सचिव /अवर सचिव/परियोजना निदेशक, बुडको/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा)/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, खेल विभाग बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/1/26

19/1/2026

सचिव।